# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# अगस्त, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी अगस्त, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

**Newspaper of 1 August, 2026**

- **संसद में पारित 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अधिसूचित किया गया—**

31 जुलाई, 2026 को संसद में पारित 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद इसे अधिसूचित किया गया। यह कानून मात्र तीन दिनों में संसद के दोनों सदनों में पारित होकर व राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद लागू हो गया है।

इस कानून के तहत पेपर लीक मामले में पाँच साल की सजा व 50 लाख रुपए तक का जुर्माना लगेगा, वहीं एजेंसी या संगठित अपराध के रूप में गड़बड़ी करने पर 10 साल की सजा व 10 करोड़ रुपए तक जुर्माना होगा।

- **पीएम-किसान योजना को 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने को मंजूरी मिली—**

देश के पात्र किसानों को अगले चार साल तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत हर वर्ष 6000 रुपए की राशि मिलती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 31 जुलाई, 2026 को कैबिनेट की बैठक में 3.15 लाख करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ पीएम-किसान योजना को 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने को मंजूरी दी गई। इस योजना में अब तक 23 किस्तों में 4.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजे जा चुके है। कैबिनेट ने ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए समुद्र में तेल की खोज व उत्पादन के लिए 84084 करोड़ की राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना 'समुद्र मंथन' को भी मंजूरी दी तथा साथ ही 5070 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना के तहत 5000 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर परियोजनाएं और 10000 मेगावाट-घंटे ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा सुरक्षा दोनों को मजबूती मिलेगी। इसकी खास बात यह होगी कि इसमें परियोजना के साथ ही 2 घंटे की बैटरी स्टोरेज सिस्टम भी साथ ही लगाया जाना अनिवार्य होने से यह ग्रिड के लिए मददगार हो सकेगा।

- **अब दिल्ली में बनेगा संपत्तियों का आधार जैसा प्रोपर्टी कार्ड; संपत्ति संबंधित विवादों को सुलझाने में मदद मिलेगी—**

राष्ट्रीय राजधानी में अब हर आवासीय और व्यावसायिक संपत्ति का ड्रोन सर्वे होगा इसके बाद हर संपत्ति को यूनिक डिजिटल पहचान दी जाएगी। दिल्ली लैंड रिकॉर्ड बिल-2026 के तहत राजधानी में सभी श्रेणियों की संपत्तियों का वैज्ञानिक सर्वे कर उसका डिजिटल रिकॉर्ड बनेगा और प्रोपर्टी का आधार कार्ड जारी होगा। सरकार के अनुसार इससे राजधानी में सालों से चले आ रहे भूमि विवाद, फर्जी रिकॉर्ड और स्वामित्व संबंधी समस्याओं के समाधान का रास्ता खुलेगा।

- **एयर मार्शल थरेजा एएफएमएस के प्रमुख—हाल ही में एयर मार्शल संदीप थरेजा को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं (एएफएमएस) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उन्होंने देश के स्पेस मिशन गगनयान में चिकित्सा तैयारियों को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई है।**

- **भारत का पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में राजकोषीय घाटा ₹3.1 लाख करोड़ रहा—**

देश के कंट्रोलर जनरल ऑफ अकांउट्स के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत का राजकोषीय घाटा 3.1 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित बजटीय लक्ष्य का 18.2% है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में राजकोषीय घाटा 2.8 लाख करोड़ रुपये था। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 16.96 लाख करोड़ रुपए का राजकोषीय घाटा निर्धारित किया है, जो देश के जीडीपी का 4.3 प्रतिशत है।

- **केन्द्रीय कैबिनेट ने ₹36,441 करोड़ की संशोधित खेलों इंडिया योजना को मंजूरी दी—**

31 जुलाई, 2026 को केन्द्र सरकार ने देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अगले 5 सालों के लिए 'खेलों इंडिया' योजना और राष्ट्रीय खेल संघों के बजट को बढ़ाकर कुल ₹36,441 करोड़ कर दिया है। इसमें से ₹29054 करोड़ सिर्फ 'खेलों इंडिया' के लिए होंगे। यह पिछली योजना से करीब 8 गुना ज्यादा है। इस

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

भारी-भरकम फंड का लक्ष्य भारत को 2036 ओलंपिक और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए एक 'ग्लोबल स्पोर्ट्स हब' बनाना है। जमीनी स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए 'इमर्जिंग खेलों इंडिया एथलीट्स' नाम की एक नई कैटेगरी भी बनाई जाएगी, जिससे खिलाड़ियों का दायरा 10 गुना तक बढ़ेगा।

■ **पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक 2026 जारी; 177 देशों की सूची में भारत का 176वाँ स्थान रहा–**

जुलाई 2026 में येल यूनिवर्सिटी और कोलंबिया यूनिवर्सिटी द्वारा पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक 2026 जारी किया गया इसमें शीर्ष स्थान एस्टोनिया का तथा अंतिम स्थान लाओस (177वाँ) का रहा।

- पर्यावरणीय प्रदर्शन सूचकांक (EPI) एक द्विवार्षिक सूचकांक है, जिसे येल सेंटर फॉर एनवायरनमेंटल लॉ एंड पॉलिसी सेंटर फॉर इंटरनेशनल अर्थ साइंस इंफॉर्मेशन नेटवर्क, कोलंबिया विश्वविद्यालय तथा येल सेंटर फॉर जियोस्पेशियल सॉल्यूशंस द्वारा मैककॉल मैकबेन फाउंडेशन के सहयोग से विकसित किया गया है।
- यह सूचकांक 177 देशों का आकलन करने के लिए 47 संकेतकों और 12 प्रमुख श्रेणियों का उपयोग करता है, जिन्हें मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों में बाँटा गया है–पर्यावरण स्वास्थ्य, पारिस्थितिकी तंत्र की जीवन शक्ति, जलवायु परिवर्तन।
- **सूचकांक में शीर्षस्थ 5 राष्ट्र (क्रमशः) :** एस्टोनिया (74.79), लक्जमबर्ग (74.24), यूके (71.51), फिनलैण्ड (71.04), नीदरलैण्ड (70.49)।
- सूचकांक में निम्नस्थ 5 राष्ट्र (क्रमशः) : 177. लाओस (21.78), 176. भारत (22.46), 175. बांग्लादेश (23.46), 174. माली (23.56), 173. वियतनाम (23.82)।
- भारत इस ईपीआई 2026 में 177 देशों में निम्नतम दूसरे स्थान 176वें (स्कोर 22.46) स्थान पर रहा है।

■ **पनडुब्बीरोधी उथले जल पोत 'मछलीपट्टनम' (BY 529) का जलावतरण किया गया–**

29 जुलाई, 2026 को भारतीय नौसेना के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित पनडुब्बीरोधी उथले जल पोत (ASW SWC) 'मछलीपट्टनम' (BY 529) का जलावतरण कोच्चि में हुआ। यह आठ पोतों वाली माहे श्रेणी का सातवाँ पोत है।

- इस पोत का नाम 'मछलीपट्टनम' आंध्रप्रदेश के कृष्णा जिले में स्थित ऐतिहासिक बंदरगाह शहर मछलीपट्टनम से लिया गया है।
- तटीय और समुद्री अभियानों के लिए डिजाइन किया गया यह जहाज पानी के भीतर निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्ध अभियानों, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों (LIMO) और बारूदी सुरंगों को नष्ट करने जैसे कार्यों को अंजाम देने में सक्षम है।
- इसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।
- 78 मीटर लंबे और 11.36 मीटर चौड़े इस पोत का ड्राफ्ट 2.7 मीटर है। इसका विस्थापन लगभग 900 टन है। इसकी अधिकतम गति 25 समुद्री मील है।

## Newspaper of 2 August, 2026

■ **एयरमार्शल तेजपाल सिंह डिप्टी चीफ ऑफ एयरस्टाफ बने–**

1 अगस्त, 2026 को वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी एयरमार्शल तेजपाल सिंह ने डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ का पदभार ग्रहण किया। वह 1990 में लड़ाकू पायलट के रूप में कमीशन हुए थे। उन्हें 3500 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। उन्होंने एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती का स्थान लिया है।

■ **जुलाई, 2026 में सकल जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक पहुँच गया। वित्त मंत्रालय के अनुसार, घरेलू कारोबार व आयात से कर संग्रह बढ़ने से यह वृद्धि हुई। सीजीएसटी, एसजीएसटी व आइजीएसटी से मजबूत राजस्व मिला, जबकि कर रिफंड बढ़ने के बावजूद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.81 लाख से अधिक रहा।**

## Newspaper of 3 August, 2026

■ **भारत-चीन सीमा व्यापार फिर शुरू हुआ–**

कोविड-19 व सीमा तनाव के कारण 2020 से बंद भारत-चीन सीमा व्यापार छह वर्ष बाद फिर शुरू हो गया है। नाथूला, शिपकीला और लिपुलेख दर्रों से व्यापार बहाल होने से सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भारत-चीन व्यापार निर्धारित नियमों व समय सारणी के अनुसार संचालित होगा।

## Newspaper of 4 August, 2026

■ **भारतीय विदेश सेवा के 2022 बैच के अधिकारी विश्वेश नेगी को ईरान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वर्तमान में विश्वेश नेगी विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव है।**

■ **बाइक एंबुलेंस को ट्रांसपोर्ट वाहन का दर्जा, फिटनेस रिन्यू 2 साल में–**

केन्द्र सरकार ने बाइक एंबुलेस के निर्माण, रजिस्ट्रेशन और संचालन के लिए पहली बार राष्ट्रीय नियम बनाने का प्रस्ताव रखा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने केन्द्रीय मोटर वाहन नियम-1989 में संशोधन का ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण, दूरदराज, पहाड़ी और संकरी सड़कों वाले इलाकों में मरीजों तक तेजी से चिकित्सा सहायता पहुंचाना है, जहाँ सामान्य एंबुलेंस का पहुँचना मुश्किल होता है। अभी बाइक एंबुलेंस को अलग वाहन श्रेणी के रूप में मान्यता नहीं मिली है। इसलिए इनके निर्माण सुरक्षा, मरीज ले जाने की व्यवस्था, टाइप अप्रूवल, रजिस्ट्रेशन और फिटनेस जांच के लिए देशभर में समान नियम नहीं हैं।

- ड्राफ्ट के मुताबिक, 1 अक्टूबर 2027 या उसके बाद बनने वाली एल-2 श्रेणी की बाइक एंबलुंस को एआईएस-209 पार्ट-1:2026 मानकों का पालन करना होगा। बाइक एंबुलेंस की टॉप लाइट भी मानक के अनुसार होगी।
- बाइक एंबुलेंस में दोपहिया के साथ मरीज ले जाने वाली यूनिट, स्ट्रेचर या अन्य मेडिकल सिस्टम जुड़े होंगे। मरीज को बांधने की व्यवस्था और मौसम से सुरक्षा जरूरी होगी।

**Newspaper of 5 August, 2026**

■ **प्रशान्त महासागर में स्थित दुनिया के तीसरे सबसे छोटे देश नौरू ने अपना नाम बदलकर नाओएरो गणराज्य कर लिया है। यह नाम राष्ट्रीय भाषा में वर्तनी और उच्चारण के अनुरूप है। अन्तरराष्ट्रीय कोड भी 'एनआरयू' से 'एनआरओ' हो जाएगा।**

■ **अरुणाचल प्रदेश की ग्लॉ लेक को रामसर साइट का दर्जा मिला; देश की 101वीं रामसर साइट बनीं–**

अगस्त, 2026 में अरुणाचल प्रदेश की 'ग्लॉ लेक' को भारत की 101वीं रामसर साइट घोषित किया गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश को पहली बार अन्तरराष्ट्रीय महत्त्व का दर्जा मिला है। यह झील कमलांग टाइगर रिजर्व के भीतर स्थित है और ईस्टर्न हिमालच की सबसे साफ सुथरी मीठे पानी की झीलों में गिनी जाती है। ग्लॉ लेक के आसपास 150 से ज्यादा पेड़ों की प्रजातियों और 49 आर्किड प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

**Newspaper of 7 August, 2026**

■ **पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ऊर्जा ओर बुनियादी ढांचे से जुड़े दो बड़े फैसलों को मंजूरी दी।**

6 अगस्त, 2026 को केन्द्रीय कैबिनेट ने ₹23731 करोड़ की राष्ट्रीय गोबरधन (गैल्वेनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्स धन) योजना को स्वीकृति दी, वहीं असम में बाइहाटा चारियाली से तेजपुर तक 135.87 किमी. लंबे 4 लेन राजमार्ग के निर्माण के लिए ₹8970 करोड़ की मंजूरी दी। दोनों परियोजनाओं पर कुल ₹32,701 करोड़ खर्च होंगे।
गोबरधन योजना का उद्देश्य देश में संपीड़ित बायोगैस (कंप्रेस्ड बायोगैस-सीबीजी) के उत्पादन को अगले दस वर्षो में लगभग 10 गुना बढ़ाना है। इसके तहत गोबर, कृषि अवशेष, गन्ने की प्रेसमड और नगरों के जैविक कचरे से स्वच्छ ईंधन तैयार किया जाएगा।

■ **हाल ही में भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अग्नि-4 मिसाइल 4000 किमी. तक मार करने में सक्षम है।**

■ **भावना कंठ वायुसेना की पहली महिला 'टॉप गन' बनीं–**

हाल ही में भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन लीडर भावना कंठ देश की पहली महिला 'टॉप गन' बन गई हैं। उन्होंने ग्वालियर स्थित टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (टीएसीडीई) का प्रतिष्ठित फाइटर कॉम्बैट लीडर (एफसीएल) कोर्स पूरा कर यह उपलब्धि हासिल की है। यह कोर्स वायुसेना के सबसे कठिन और प्रतिष्ठित लड़ाकू प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल है।

**Newspaper of 11 August, 2026**

■ **कोलंबिया में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकम्प आया–**

10 अगस्त, 2026 को कोलंबिया में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इससे 4 शहरों काली, परेश, क्विवडो और मनिजालेस में भारी नुकसान हुआ। सैकड़ों इमारतों और लोगों की जन हानि हुई। भूकंप का केन्द्र चोको क्षेत्र में सैन जोस डेल पालमार में जमीन में 107 किमी. की गहराई में था।
उल्लेखनीय है कि जून 2026 में वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंप आए थे।

**Newspaper of 12 August, 2026**

■ **भारतीय नौसेना के अगली पीढ़ी के गश्ती पोत 'श्रुति' का जलावतरण हुआ–**

11 अगस्त, 2026 को भारतीय नौसेना के लिए निर्मित अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत (NGOPV) यार्ड 3037 'श्रुति' का गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता में जलावतरण किया गया।

- **'श्रुति'** GRSE द्वारा भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे चार NGOPV में लॉन्च किया गया दूसरा पोत है। इससे पहले **'संघमित्रा'** का जलावतरण 20 मई, 2026 को हुआ था।
- पोत की लंबाई लगभग 113 मीटर, चौड़ाई 14.6 मीटर, विस्थापन करीब 3000 टन और अधिकतम गति लगभग 23 नॉट है।
- इसका उपयोग समुद्री निगरानी, खोज एवं बचाव, अपतटीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा, समुद्री डकैती-रोधी अभियान तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियानों में किया जाएगा।
- 'श्रुति' नाम भारत की वैदिक परंपरा और चारों वेदों से प्रेरित है। इसके प्रतीक चिह्न में सप्तर्षि नक्षत्र और लाल-सफेद प्रकाशस्तंभ अंकित हैं।

## Newspaper of 14 August, 2026

- **लेबनान की संसद ने मौत की सजा खत्म करने वाला कानून पारित किया; पहला पश्चिम एशियाई देश बना–**

11 अगस्त, 2026 को लेबनान की संसद ने मौत की सजा खत्म करने वाला कानून पारित कर दिया। इसके साथ ही यह पश्चिम एशिया का पहला देश बन गया है, जिसने फांसी औपचारिक रूप से समाप्त कर दी है। नई व्यवस्था में मौत की सजा की जगह आजीवन कारावास और कड़ी श्रम की सजा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 113 देशों में अब मौत की सजा पूरी तरह खत्म कर दी गई है।

- **दक्षिण कोरिया का इचियोन एयरपोर्ट वर्ष 2026 की पहली छमाही में 3.84 करोड़ अन्तरराष्ट्रीय यात्रियों के साथ दुनिया का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट बन गया। एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल के डेटा के मुताबिक लंदन का हीथ्रो 3.779 करोड़ के साथ दूसरे और सिंगापुर का चांगी एयरपोर्ट 3.453 करोड़ के साथ तीसरे स्थान पर रहा।**

- **पारीछा बाँध को 'विश्व धरोहर सिंचाई संरचना' की मान्यता मिली–**

13 अगस्त, 2026 को उत्तर प्रदेश के झाँसी में बेतवा नदी पर स्थित लगभग 140 वर्ष पुराने पारीछा बाँध को अन्तरराष्ट्रीय सिंचाई एवं जल निकासी आयोग (ICID) ने वर्ष 2026 में विश्व धरोहर सिंचाई संरचना (WHIS) के रूप में मान्यता दी है। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग को इसकी सूचना ICID से मिली।

पारीछा बाँध को 14 अक्टूबर, 2026 को मासेई, फ्रांस में आयोजित 26वीं ICID अन्तरराष्ट्रीय कांग्रेस एवं 77वीं अन्तरराष्ट्रीय कार्यकारी परिषद (IEC) की बैठक के दौरान WHIS सम्मान-पट्टिका प्रदान की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि ICID सामान्यत: ऐसी ऐतिहासिक सिंचाई संरचनाओं को WHIS मान्यता देता है जो 100 वर्ष से अधिक पुरानी हों और सिंचाई/जल प्रबंधन में ऐतिहासिक या वर्तमान महत्त्व रखती हों।

पारीछा बाँध से पूर्व झाँसी में बेतवा नदी पर ही स्थित सुकवाँ-डुकवाँ बाँध को वर्ष 2022 में ICID द्वारा 'विश्व धरोहर सिंचाई संरचना' का दर्जा दिया जा चुका है।

## Newspaper of 15 August, 2026

- **जनगणना 2027 में आजादी के बाद पहली बार सभी समुदायों की जातियों की गिनती होगी; केन्द्र सरकार ने आबादी की गणना (जनगणना) के दौरान पूछे जाने वाले 40 सवालों को अधिसूचित किया–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने जनणगना 2027 में आजादी के बाद पहली बार सभी समुदायों की जातियों की गिनती होगी। केन्द्र सरकार ने आबादी की गणना के दौरान पूछे जाने वाले 40 सवालों को अधिसूचित कर दिया है। 2011 की जनगणना में 29 सवाल पूछे गए थे। 40 सवालों के जरिए जाति, धर्म, शिक्षा, रोजगार, पलायन, दिव्यांगता, डिजिटल साक्षरता, बैंक खाते, मोबाइल नंबर, आधार और वोटर आइडी की जानकारी ली जाएगी।

जनगणना 2027 देश की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना है।

## Newspaper of 15 August, 2026

- **भारत का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से हर्षोल्लास सहित मनाया गया; लाल किले से प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम 13वाँ लगातार संबोधन दिया गया–**

15 अगस्त, 2026 को भारत ने अपना 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया, जो स्वतंत्रता प्राप्ति के 79 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है। मुख्य समारोह लाल किला, नई दिल्ली में हुआ, जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ध्वजारोहण कर 78 मिनट का राष्ट्र-संबोधन दिया।

**पहली बार वंदे मातरम् :** स्वतंत्रता के बाद पहली बार 15 अगस्त के लाल किला समारोह में 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया गया। वर्ष 2026 राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने का वर्ष भी है।

**मुख्य विषय :** वर्ष 2026 के समारोह में 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष' तथा 'विकसित भारत@2047 के लिए युवा शक्ति' पर विशेष जोर दिया गया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 18 August, 2026

- **केरल राज्य अब 'केरलम' कहलाएगा, राष्ट्रपति की मंजूरी मिली–**

हाल ही में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही केरल विधेयक, 2026 अब कानून बन गया है। उल्लेखनीय है कि केरल विधानसभा में 2024 में इसके लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ था।

## Newspaper of 19 August, 2026

- **केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा की; 17 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड मिलेगा; खेल रत्न पुरस्कार के लिए किसी का भी चयन नहीं–**

18 अगस्त, 2026 को केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा कर दी। इस दौरान 17 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड मिलेगा जबकि 12 साल बाद किसी भी खिलाड़ी को खेल रत्न नहीं मिलेगा। पिछली बार 32 खिलाड़ियों को अर्जुन और चार को खेल रत्न दिया गया था। 1991-92 में पुरस्कार शुरू होने के बाद ये तीसरी बार (2008, 2014, 2025) है, जब किसी खिलाड़ी को खेल रत्न नहीं दिया जा रहा। उच्चतम न्यायालय के पूर्व जज (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर ये अवॉर्ड दिए जा रहे हैं।

**अर्जुन अवार्ड 2025 प्राप्तकर्त्ता 17 खिलाड़ियों की सूची–**

| खिलाड़ी | खेल | राज्य |
|---|---|---|
| प्रियंका गोस्वामी | धाविका | उत्तर प्रदेश |
| राजकुमार पाल | हॉकी | उत्तर प्रदेश |
| अरविंद सिंह | रोइंग | उत्तर प्रदेश |
| अखिल श्योरण | शूटिंग | उत्तर प्रदेश |
| नरेन्द्र बेरवाल | मुक्केबाजी | हरियाणा |
| सुरजीत | कबड्डी | हरियाणा |
| पूजा | कबड्डी | हरियाणा |
| एकता भ्यान | पैरा एथलीट | हरियाणा |
| मुहम्मद अजमल | एथलीट | केरल |
| त्रिशा जॉली | बैडमिंटन | केरल |
| गायत्री गोपीचंद | बैडमिंटन | तेलंगाना |
| धनुष श्रीकांत | डेफ शूटिंग | तेलंगाना |
| तेजस्विन शंकर | एथलीट | दिल्ली |
| विदित गुजराती | शतरंज | महाराष्ट्र |
| दिव्या देशमुख | शतरंज | महाराष्ट्र |
| लालरेमसियामी | हॉकी | मिजोरम |
| रुद्रांश खंडेलवाल | पैरा शूटिंग | राजस्थान |

**राजस्थान से रुद्राश खंडेलवाल एकमात्र खिलाड़ी–**17 खिलाड़ियों की सूची में राजस्थान (भरतपुर) के एकमात्र खिलाड़ी रुद्रांश खंडेलवाल को जगह मिली है। 20 वर्षीय रुद्रांश पैरा निशानेबाज है ओर उन्होंने 2024 पैरा वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीता था।

- **तमिलनाडु में तीसरे बच्चे के जन्म पर भी सरकारी महिला कर्मचारियों को 365 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा–**

तमिलनाडु सरकार ने महिला कर्मचारियों के कल्याण और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में फैसला लेते हुए सरकारी महिला कर्मचारियों को तीसरे बच्चे के जन्म पर भी एक साल यानि 365 दिन का मातृत्व अवकाश देने की घोषणा की है। अभी तक दो से अधिक बच्चों के मामलों में महिला कर्मचारियों को सिर्फ 12 सप्ताह यानि 84 दिनों का अवकाश मिलता था। सरकार ने इसे बढ़ाकर 1 साल (365 दिन) करने का निर्णय लिया है।

## Newspaper of 20 August, 2026

- **हाल ही में दूरसंचार विभाग ने एक व्यक्ति के नाम पर तय सीमा से ज्यादा मोबाइल कनेक्शन रखने पर पाबंदी लगा दी है। विभाग के अनुसार 9 से ज्यादा सिम होने पर अतिरिक्त कनेक्शन निलंबित किए जाएँगे। इसी के साथ दूरसंचार विभाग ने टेलीकॉम कंपनियो को ऐसे नंबरों की पहचान के निर्देश दिए है। कंपनियों को डीआइपी फोटो के जरिए भी एक ही व्यक्ति के नाम पर जारी अतिरिक्त कनेक्शनों की पहचान करने को कहा गया है।**

## Newspaper of 21 August, 2026

- **हाल ही में केन्द्रीय कैबिनेट ने लद्दाख में जम्मू-कश्मीर हाइकोर्ट की बैंच स्थापित करने का फैसला किया है। इससे लद्दाख के दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों को न्याय तक पहुँच आसान होगी।**
- **हाल ही में अपने करीबी सहयोगी आनंद टी. हिंगोरानी को लिखे बापू (महात्मा गांधी) के 688 हस्तलिखित विचारों का संग्रह 'अ थॉट फॉर द डे' (A thought for the day) सैफनआर्ट नीलामी में ₹16.20 करोड़ में बिका है। यह किसी भारतीय ऐतिहासिक दस्तावेज की नीलामी में विश्व रिकॉर्ड कीमत है।**
- **नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने प्रस्ताव दिया; अब डॉक्टरों को यूनीक आईडी मिलेगी; लाइसेंस की वैधता 5 वर्ष रहेगी–**

नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा तैयार नए नियमों के तहत एनएमसी हर रजिस्टर्ड डॉक्टर को केन्द्रीय स्तर पर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

एक यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर दिया जाना प्रस्तावित है। यह नंबर पूरे देश में मान्य होगा और इसके आधार पर डॉक्टर देश में कहीं भी इलाज कर सकेंगे। उन्हें किसी दूसरे राज्य में प्रेक्टिस करने के लिए अलग से नया रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस नहीं लेना होगा। नए नियमों के मुताबिक प्रैक्टिस लाइसेंस की वैधता 5 साल की होगी। इसके बाद डॉक्टर को संबंधित स्टेट मेडिकल काउंसिल में उसका नवीनीकरण करना होगा।

उल्लेखनीय है कि इस प्रस्ताव के तहत डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय डिजिटल रिकॉर्ड भी तैयार होगा। इसमें अनुशासनात्मक कार्रवाई, लाइसेंस की स्थिति की जानकारी दर्ज रहेगी। यह रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होगा, जिसे मरीज और अस्पताल भी देख सकेंगे।

- **केन्द्र सरकार ने 6 राज्यों और जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में जिला कलेक्टरों को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार दिया है। इनमें गुजरात, राजस्थान, पंजाब, बंगाल, असम व त्रिपुरा (जनजातीय क्षेत्र छोड़कर), जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल है। इससे नागरिकता संबंधी आवेदनों का निपटारा जिला स्तर पर होगा। पहले नागरिकता देने का अधिकार अधिकृत समितियों व नामित अधिकारियों के पास था।**

## Newspaper of 21 August, 2026

- **मिर्जा फ़खरुल बांग्लादेश के नए राष्ट्रपति चुने गए?**

अगस्त, 2026 में बीएनपी नेता मिर्जा फ़खरुल इस्लाम आलमगीर बांग्लादेश के 23वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। संसद में उन्हें 255 वोट मिले, जबकि जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलीय गठबंधन के उम्मीदवार कर्नल (रिटायर्ड) ओली अहमद को 88 वोट मिले।

## Newspaper of 22 August, 2026

- **भारत सरकार ने रुपए में भुगतान को विदेशी मुद्रा के समान छूट दी; अब निर्यातक डॉलर ही नहीं, रुपए में भी भुगतान ले सकेंगे–**

अब भारतीय कारोबारी विदेश में समान बेचकर उसका भुगतान सिर्फ डॉलर या यूरो में लेने के लिए मजबूर नहीं होंगे। विदेशी खरीददार भारतीय रुपए में भी भुगतान कर सकेगा और निर्यातक को मिलने वाले व्यापारिक लभ पहले की तरह मिलेंगे। यानी भारत सरकार रुपए पर विदेशी मुद्रा के समान ही छूट-प्रोत्साहन व सारे फायदे देगी। इसका सीधा फायदा भारतीय निर्यातकों को होगा। अंतरराष्ट्रीय कारोबार में रुपए के इस्तेमाल को बढ़ाने की दिशा में केन्द्र सरकार की ओर से इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है।

रुपए में मिलने वाले पात्र निर्यात भुगतान को विदेशी मुद्रा में मिलने वाले भुगतान के बराबर दर्जा मिलने से अंतरराष्ट्रीय कारोबार में रुपए का रुतबा बढ़ेगा। दरअसल, दुनिया के 13 से ज्यादा एशियाई, अफ्रीकी व मध्य-पूर्व देश डॉलर के मुकाबले किसी दूसरे विकल्प को चाहते है। इसके चलते अब रुपए को अंतरराष्ट्रीय बाजार में साइलेंट स्ट्रेटजी के तहत आगे बढ़ाया है। इससे फिलहाल चुनिंदा देशों में रुपया सीधे तौर पर डॉलर का विकल्प बन सकता है।

वर्तमान में लगभग 86000 करोड़ रुपए का निर्यात भारत से होता है। 97000 करोड़ रुपए का आयात भारत में होता है।

**पुराने और नए नियम में अंतर–**

| श्रेणी | पहले | अब |
|---|---|---|
| निर्यात में भुगतान | विदेशी मुद्रा पर जोर | रुपया भी स्वीकार |
| रुपए में भुगतान | सीमित व विशेष शर्त से ही | अब सामान्य प्रक्रिया में |
| विस्ट्रो अकाउंट | प्राथमिक और अनिवार्यता | रुपए से जरूरत खत्म |
| निर्यात प्रोत्साहन | विदेशी मुद्रा पर ही | विदेशी-भारतीय दोनों |
| निर्यात सुविधाएँ | विदेशी मुद्रा पर ही | दोनों मुद्रा पर बराबर |
| द्विपक्षीय व्यापार | विदेशी मुद्रा को प्रमुखता | दोनों मुद्रा बराबर |
| अंतरराष्ट्रीय मुद्रा | डॉलर को सर्वमान्यता | रुपए को बढ़ावा मिलेगा |

- इससे विदेशी मुद्रा का दबाव कम होगा। वैश्विक शक्ति बनने में मजबूती मिलेगी।
- भुगतान आसान और तेज होगा। मध्यम स्तर का व्यापार बढ़ेगा।

- **अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में काजल ने लगातार दूसरी बार खिताब जीता, तनु शर्मा और सविता को रजत पदक मिला–**

अगस्त, 2026 में स्लोवाकिया में आयोजित अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में काजल धोचक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार इसका खिताब जीता जबकि तनु शर्मा और सविता को रजत पदक मिला। काजल धोचक ने फाइनल में चीन की जिंगरू सन को 7-0 से हराकर 76 किग्रा वर्ग का खिताब अपने नाम किया। काजल ने गत वर्ष 72 किग्रा. वर्ग में अंडर-20 विश्व खिताब जीता था। तनु शर्मा ने 72 किग्रा तथा सविता ने 62 किग्रा में रजत पदक जीता।

- **₹62500 करोड़ की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग स्कीम लॉन्च हुई; 2.25% से 5% तक इंसेंटिव दिया जाएगा–**

देश में मोबाइल फोन उत्पादन बढ़ाने, घरेलू वैल्यू एडिशन को मजबूत करने और भारतीय ब्रांड को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने ₹62500 करोड़ की मोबाइल फोन, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग स्कीम लॉन्च कर दी है। इसके तहत कंपनियों को 2.25% से 5% तक इंसेंटिव दिया जाएगा। साथ ही घरेलू कंपोनेंट की घरेलू खरीद पर 1.5% तक अतिरिक्त लाभ

मिलेगा। भारतीय ब्रांड को देश में डिजाइन-रिसर्च पर 3% अतिरिक्त इंसेंटिव मिलेगा। यह योजना 5 वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक चलेगी।

कंपनियों के लिए निम्न शर्तें रखी गयी हैं–

- मोबाइल निर्माता व रजिस्टर्ड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज कंपनियों के लिए 2025-26 में न्यूनतम करोबार ₹10000 करोड़ होना जरूरी है।
- पहले से मौजूद ब्रांड को वित्त वर्ष 2026-27 में अपनी ब्रिकी 2025-26 के मुकाबले ₹5000 करोड़ बढ़ानी होगी। बिक्री का लक्ष्य हर साल ₹5000 करोड़ बढ़ेगा।
- नए ब्रांड को पहले ₹10000 करोड़ की सालाना बिक्री हासिल करनी होगी हर साल बिक्री ₹5000 करोड़ बढ़ानी होगी।

## भारतीय नौसेना को तीसरी एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी 'मेंग्रोरोल' सुपुर्द किया गया–

21 अगस्त, 2026 को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL), कोच्चि ने भारतीय नौसेना को मेंग्रोल सुपुर्द किया। यह सीएसएल द्वारा निर्मित आठ पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत (Anti-Submarine Warfare Shallow Water Craft—ASW-SWC) में तीसरा पोत है।

- इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।
- वाटरजेट से संचालित यह जहाज अत्याधुनिक टॉरपीडो, पनडुब्बी रोधी रॉकेट, उन्नत रडार और सोनार से सुसज्जित है।
- यह जहाज पानी के भीतर निगरानी, तटीय जलक्षेत्र में पनडुब्बी रोधी युद्ध अभियानों, निम्न-तीव्रता वाले समुद्री अभियानों (LIMO) और साथ ही बारूदी सुरंगों को नष्ट करने की क्षमता रखता है।
- जहाज का यह नाम गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित तटीय शहर और लघु बंदरगाह 'मैंग्रोल' से लिया गया है, जो समुद्री मत्स्य पालन उद्योग का एक प्रमुख बंदरगाह है।

### Newspaper of 23 August, 2026

## विश्वकप, शतरंज नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन लगातार दूसरी बार चैंपियन–

दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित करते हुए 2026 ई-स्पोर्ट्स विश्व कप का खिताब जीत लिया। फाइनल में उन्होंने बेलारूस के 19 वर्षीय डेनिस लाजाविक को दोनों सेट में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की। उन्हें 2.4 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली।

**20 मैचों में अजेय–**कार्लसन की इस जीत की सबसे बड़ी खासियत उनका अजेय अभियान रहा। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 20 गेम खेले और किसी में हार नहीं झेली। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने भारत के निहाल सरीन को 2.5-0.5 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की।

भारत के निहाल सरीन और अर्जुन एरिगेसी दोनों क्वार्टरफाइनल तक पहुँचे और शीर्ष आठ में जगह बनाई।

### Newspaper of 24 August, 2026

## पहली पूर्णतः स्वदेशी एके-203 असॉल्ट राइफल 'शेर' का सफल परीक्षण–

हाल ही में भारत ने छोटे हथियारों में आत्मनिर्भरता हासिल करते हुए पहली पूर्णतः स्वदेशी एके-203 असॉल्ट राइफल 'शेर' का सफल निर्माण और परीक्षण किया है। रूसी डिजाइन लेकिन शत प्रतिशत स्वदेशी कंपोनेंट व इनपुट वाली यह राइफल इंडो-रशियन राइफल्स (आइआरआरपीएल) के अमेठी के कोखा स्थित संयंत्र में तैयार हुई है, जिसका अगले माह भारतीय सेना औपचारिक परीक्षण शुरू करेगी।

### एके-203 असॉल्ट राइफल 'शेर' की खासियत–

- वजन - 3.6 किलो
- रेंज - 800 मीटर
- प्रहार - 700 राउंड/मिनट
- बैरल - 415 मिमी.

## भारत, अमेरिका और चीन के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन चुका है। भारत की एयरलाइंस के जहाजों की औसत आयु 7.3 वर्ष है। यह वैश्विक औसत (14.8 वर्ष) से करीब आधी हैं।

भारत के हवाई अड्डों पर 2025 में करीब 42 करोड़ यात्री आए-गए। यह 2024 के मुकाबले लगभग 4.8 प्रतिशत अधिक था। भारत में 600 से अधिक नए क्षेत्रीय हवाई मार्गों (आरसीएम रूट्स) पर परिचालन शुरू किया जा चुका है।

## केरल की कैजिया लिज मैजो 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2026' बनीं–

23 अगस्त, 2026 को जयपुर (राजस्थान) में आयोजित ग्रैंड फिनाले में केरल (मावेलिक्कारा) की 19 वर्षीय कैजिया लिज मैजो ने 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2026' का खिताब जीता। वे यह राष्ट्रीय खिताब जीतने वाली केरल की पहली सुंदरी बनी हैं। पूर्व विजेता मनिका विश्वकर्मा ने इन्हें ताज पहनाया।

- **फर्स्ट रनर-अप :** वैष्णवी गणेश (तमिलनाडु) को 'मिस इंटरनेशनल इंडिया 2026' का खिताब दिया गया। वैष्णवी गणेश 25 नवम्बर, 2026 को जापान में आयोजित होने वाले 'मिस इंटरनेशनल 2026' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **सेकंड रनर-अप**–अनुश्री सातवलेकर (गुजरात) रहीं।
- मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 कैजिया लिज मैजो नवम्बर 2026 में प्यूर्टो रिको में आयोजित होने वाले 75वें मिस यूनिवर्स पेजेंट में भारत का आधिकारिक प्रतिनिधित्व करेंगी।

**मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 की प्रमुख उपलब्धियाँ एवं पृष्ठभूमि–**

- 19 वर्षीय कैजिया विधि की छात्रा, मॉडल और प्रशिक्षित शास्त्रीय नृत्यांगना है।
- इन्होंने वर्ष 2024 में 'मिस टीन दीवा' का खिताब जीता था तथा वर्ष 2025 में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर 'मिस टीन इंटरनेशनल' में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए फर्स्ट रनर-अप रही थीं।

## Newspaper of 25 August, 2026

■ **24 अगस्त, 2026 को तमिलनाडु के सीएम विजय ने विधानसभा में राज्य के 2.5 लाख रुपए सालाना तक आय वाले 1.34 करोड़ परिवारों को हर साल तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की घोषणा की है। उन्होंने चेन्नई में परंदूर हवाई अड्डा परियोजना को रद्द करने की भी घोषणा की।**

■ **देश का पहला गैर-GMO उच्च-विस्तार पॉपकॉर्न मक्का हाइब्रिड बीज लॉन्च–**

24 अगस्त, 2026 को उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आंध्रप्रदेश के एलुरु जिले के मुसुनुरु में भारत का पहला गैर-GMO उच्च-विस्तार पॉपकार्न मक्का हाइब्रिड बीज (Non-GMO Hight-Expansion Popcorn Maize Hybrid Seed) लॉन्च किया। इसे गॉरमेट पॉपकॉर्निका ने विकसित किया है।

- स्वदेशी हाइब्रिड बीज का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले पॉपकॉर्न मक्के के लिए आयातित हाइब्रिड तकनीक पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना है।
- गॉरमेट पॉपकॉर्निका से 8 राज्यों के 17500 से अधिक किसान जुड़े हैं, जो लगभग 40000 एकड़ भूमि पर खेती करते हैं।

## Newspaper of 26 August, 2026

■ **नौसेना में शामिल होगा स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट पोत 'निपुण'; निस्तार श्रेणी का दूसरा डीएसवी–**

भारतीय नौसेना 31 अगस्त, 2026 को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में डाइविंग सपोर्ट पोत (डीएसवी) 'निपुण' को कमीशन किया। यह निस्तार श्रेणी का दूसरा पोत है। इसके नौसेना में शामिल होने से गहरे समुद्र में डाइविंग और पानी के भीतर सहायता से जुड़े अभियानों की क्षमता बढ़ेगी। 'निपुण' का डिजाइन और निर्माण हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, विशाखापत्तनम ने किया है। पोत को 30 जुलाई, 2026 को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था।

- 'निपुण' पोत में आधुनिक डाइविंग सिस्टम और अंडरवाटर इंटरवेंशन क्षमता मौजूद है। इससे कठिन समुद्री परिस्थितियों में गोताखोरों को लंबे समय तक सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।
- पोत के क्रेस्ट में व्हेल और आधुनिक डाइविंग हेलमेट को दर्शाया गया है। व्हेल गहरे समुद्र में लंबे समय तक रहने की क्षमता के कारण धैर्य और निरंतर संचालन का प्रतीक है। 'निपुण' का उद्देश्य गोताखोरों को समुद्र की गहराई में अभियान के दौरान सहायता देना और वापसी में मदद करना है।

■ **पीएम केयर्स फंड में 8453 करोड़ जमा; कुल बैलेंस ऑल-टाइम हाई पर–**

प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और आपात स्थिति राहत कोष यानी पीएम केयर्स फंड में पैसा लगातार बढ़ रहा है। 2022-23 से 2024-25 के बीच इस फंड में राशि 25.8% बढ़कर 6722 करोड़ से 8453 करोड़ रुपए हो गई, जबकि इसी अवधि में फंड से इस्तेमाल की गई रकम 437.9 करोड़ रुपए से घटकर महज 87.5 लाख रुपए रह गई। यानी 2024-25 में उपलब्ध कुल कोष का करीब 0.01% ही इस्तेमाल हो पाया। इस फंड से जितनी रकम इस्तेमाल हुई, उसका लगभग पूरा हिस्सा पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन स्कीम के तहत खर्च हुआ।

**दान घटा, ब्याज-रिफंड से बढ़ी राशि–**

पीएम केयर्स फंड को दान मिलना कम हुआ है। इसके बावजूद कुल कोष में बढ़ोत्तरी हुई है। इसकी वजह फंड पर मिलने वाला ब्याज है। 2024-25 में फंड को ब्याज से 475 करोड़ रुपए मिले, जबकि दान के रूप में 480 करोड़ रुपए आए।

**इतने रुपए आए और खर्च हुए पीएम केयर्स फंड (करोड़) में–**

| वित्त वर्ष | प्राप्त राशि | खर्च राशि |
|---|---|---|
| ♦ 2019-20 | 3077 | 0 |
| ♦ 2020-21 | 7914 | 3976 |
| ♦ 2021-22 | 2118 | 3716 |
| ♦ 2022-23 | 1306 | 438 |
| ♦ 2023-24 | 905 | 16 |
| ♦ 2024-25 | 1280 | 0.88 |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 27 August, 2026

- **स्वदेशी पैराशूट का सफल परीक्षण हुआ–**

लद्दाख के न्योमा में स्थित मुध ड्रॉप जोन में समुद्र तल से 22 हजार फीट की ऊँचाई, माइनस 15 डिग्री तापमान में भारत ने स्वदेशी सैन्य पैराशूट प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। इस परीक्षण में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैबिलशमेंट (एडीआरडीई) के जंपर्स ने मिलिट्री कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम (एमसीपीएस) के साथ स्वदेशी पैराकम्प्यूटर और ऑक्सीजन सिस्टम का इस्तेमाल कर उसे परखा गया।

- **एचएएल-सफरान बनाएंगे 4000 हॉर्सपॉवर तक का हेलिकॉप्टर इंजन 'अरावली'–**

भारत अब उच्च क्षमता वाली स्वदेशी हेलिकॉप्टर इंजन 'अरावली' विकसित करेगा। 26 अगस्त, 2026 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और सफरन हेलिकॉप्टर इंजन ने संयुक्त कंपनी सफहल हेलिकॉप्टर इंजन प्राइवेट लिमिटेड के साथ नई पीढ़ी के हेलिकॉप्टर इंजन के लिए करार किया है। 'अरावली' को 3500 से 4000 शाफ्ट हॉर्सपावर क्षमता वर्ग में विकसित किया जाएगा। करार के तहत इंजन के डिजाइन, विकास, निर्माण, आपूर्ति और पूरे जीवनचक्र के दौरान तकनीकी सहायता की व्यवस्था की जाएगी।

'अरावली' के विकास से भविष्य में उच्च क्षमता वाले हेलिकॉप्टरों के लिए देश में इंजन तकनीक उपलब्ध कराने का आधार मिलेगा। देश में हेलिकॉप्टर इंजन से जुड़ा औद्योगिक और तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा और विदेशी तकनीक पर निर्भरता कम होगी।

- **दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) देश की पहली ऐसी मेट्रो संस्था बन गई, जिसे एसेट मैनेजमेंट के लिए आईएसओ 55001 : 2024 सर्टिफिकेशन मिला है। यह मुंबई मेट्रो लाइन-3 के संचालन और रखरखाव के लिए दिया गया। इससे सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता बढ़ेगी। डीएमआरसी ने रिस्क असेसमेंट मजबूत किया है।**

- **नए नियम-देशभर में समान मानक समय इस्तेमाल होगा–**

सरकार ने देशभर में भारतीय मानक समय (आईएसटी) के एक समान इस्तेमाल के लिए नए नियम जारी किए हैं। नियम राजपत्र में प्रकाशित होने के 180 दिन बाद लागू होंगे। अलग-अलग तकनीकी प्रणालियाँ समय के लिए विभिन्न स्रोतों पर निर्भर होती हैं। इससे बैंकिंग, रेलवे जैसी सेवाओं में समय की सटीकता बढ़ेगी।

- **भारत रूस से एस-400 के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदेगा; दो देश में ही बनेंगे; ₹50000 करोड़ का सौदा होगा–**

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के विमानों के सामने 'आसमान की अभेद्य ढाल' बनकर खड़े हुए एस-400 पर भारत का भरोसा और मजबूत हुआ है। भारत रूस से एस-400 के पाँच नए स्क्वाड्रन खरीदेगा। इनकी कीमत करीब 50000 करोड़ रुपए होगी। इनमें से दो स्क्वाड्रन भारत में ही बनेंगे। इन स्क्वाड्रन को देश के पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों पर तैनात किया जाएगा। इससे भारत की बहुस्तरीय हवाई सुरक्षा और मजबूत होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने मार्च 2026 में इस योजना को मंजूरी दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 की मौजूदगी ने पाकिस्तान की वायुसेना के लिए भारतीय सीमा की ओर बढ़ना बेहद जोखिम भरा बना दिया था। पाकिस्तानी विमान भारतीय सीमा से करीब 200 किलोमीटर के दायरे में आने से भी बचते रहे।

**समझौते के तीन साल बाद मिलना शुरू होंगे–**

भारत व रूस ने 2018 में पहला एस-400 सौदा किया था। इसके तहत पाँच स्क्वाड्रन मिलने थे। चार भारत को मिल चुके हैं। आखिरी स्क्वाड्रन की डिलीवरी वर्ष 2026 के अंत तक होना प्रस्तावित है। अब जिस नई डील पर प्रक्रिया चल रही है, उसकी डिलीवरी समझौते पर हस्ताक्षर होने के तीन साल बाद शुरू होने की संभावना है।

## Newspaper of 31 August, 2026

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च राजकीय सम्मान मिला–**

30 अगस्त, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ताशकंद स्थित कुकसरॉय राष्ट्रपति निवास में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव ने 'ओली दाराजली दोस्तलिक' (Oliy Darajali Do' stlik–Order of Highest Friendship) से सम्मानित किया। यह विदेशी नेताओं को दिया जाने वाला उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान है।

पीएम नरेन्द्र मोदी को यह सम्मान भारत-उज्बेकिस्तान मैत्री और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया।

यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किसी विदेशी राष्ट्र या अन्तरराष्ट्रीय संस्था द्वारा प्रदान किया गया 36वाँ अन्तरराष्ट्रीय सर्वोच्च सम्मान है।

प्रधानमंत्री ने यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों को समर्पित करते हुए इसे दोनों देशों की सदियों पुरानी मित्रता और सभ्यागत संबंधों का प्रतीक बताया।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**51 वर्षों से आपका विश्वसनीय**


## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## CET 10+2 के लिए विशेष उपयोगी पुस्तकें

**New Edition**




MRP ₹400
( 288 पेज में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम )






MRP ₹300
( पुस्तक में 11 Blank OMR Sheet )






MRP ₹400
( सम्पूर्ण रंगीन मानचित्रावली )

## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित अन्य प्रमुख पुस्तकें







संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com